Web: www.csjmu.ac.in

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

Formerly Kanpur University, Kanpur 208024

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / DCDC / A-678 / 2026 दिनांक: /07/2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

विषयः– **"CSJMU-IBM BOB HACKS'26"** हेतु अधिकाधिक छात्र–छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

आपको विदित है कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा IBM के सहयोग से **"CSJMU-IBM BOB HACKS'26"** नामक **AI Hackathon** का आयोजन किया जा रहा है जिसकी सूचना आपको पत्रांक सी.एस.जे.एम.वि.वि-/DCDC/A–675 / 2026 दिनांक 17 / 06 / 2026 द्वारा दी गयी थी। यह विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार आयोजित किया जा रहा एक अभिनव कार्यक्रम है, जिसमें सभी संकायों के विषय के छात्र–छात्राएँ भाग लेकर अपने नवाचार, रचनात्मक विचारों एवं समस्या समाधान की क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं।

यह अत्यंत खेद का विषय है कि अब तक आपके महाविद्यालय सहित सम्बद्ध महाविद्यालयों से प्राप्त पंजीकरणों की संख्या अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, जबकि पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 अत्यंत निकट है।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस कार्यक्रम के पोस्टर, ब्रोशर एवं अन्य विवरणों का व्यापक प्रचार–प्रसार अपने महाविद्यालय में निम्न माध्यमों से सुनिश्चित करें–

1. सभी विभागों एवं कक्षाओं में सूचना प्रसारित करें।
2. महाविद्यालय के आधिकारिक WhatsApp Groups, Telegram Groups एवं अन्य Social Media Platforms पर पोस्टर साझा करें।
3. नोटिस बोर्ड पर कार्यक्रम की सूचना प्रदर्शित करें।
4. संकाय सदस्यों के माध्यम से छात्र–छात्राओं को व्यक्तिगत रूप से प्रेरित करें।
5. अधिकाधिक छात्र–छात्राओं की टीम बनवाकर समय से पंजीकरण सुनिश्चित कराएं।
6. प्रत्येक महाविद्यालय से कम–से–कम एक टीम की सहभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

यह हैकाथॉन विश्वविद्यालय एवं उसके समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियमित विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है तथा इसमें प्रतिभागियों को IBM विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, निःशुल्क शिक्षण सामग्री, सहभागिता प्रमाण–पत्र, आकर्षक पुरस्कार एवं रु 1 लाख से अधिक के पुरस्कार पूल का अवसर प्राप्त होगा।

प्रतियोगिता की संरचना

चरण–1: जोनल राउंड (25 जुलाई 2026 से 31 जुलाई 2026 के मध्य)

औरैया – श्री गुलाब सिंह महाविद्यालय, बरमुपुर
इटावा – चौधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी, जसवंतनगर
फर्रुखाबाद – मेजर एस.डी.सिंह विश्वविद्यालय, फतेहगढ
कन्नौज – एस.एम.डी. डिग्री कॉलेज, छिबरामऊ
कानपुर देहात – स्नेहलता गुप्ता मेमोरियल डिग्री कॉलेज, रसूलाबाद
कानपुर नगर – छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कल्याणपुर
उन्नाव – श्री विशंभर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय, बांगरमऊ

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
Formerly Kanpur University, Kanpur 208024

चरण–2: ग्रैंड फिनाले

ग्रैंड फिनाले 12 एवं 13 अगस्त 2026 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के परिसर में आयोजित किया जाएगा।

विशेष सूचना: ग्रैंड फिनाले मे महिला टीमो (सभी प्रतिभागी महिलाएं होनी चाहिए) हेतु तीन स्थान आरक्षित रहेगा।

महत्वपूर्ण तिथियाँ

पंजीकरण प्रारम्भ – 15 जून 2026
पंजीकरण की अंतिम तिथि – 15 जुलाई 2026
चरण–1: जोनल राउंड – 25 जुलाई से 31 जुलाई 2026
परिणाम घोषणा (चरण 1) – 02 अगस्त 2026
ग्रैंड फिनाले – 12–13 अगस्त 2026
पुरस्कार वितरण समारोह – 15 अगस्त 2026

आपसे अपेक्षा है कि अपने महाविद्यालय से अधिकतम संख्या में छात्र–छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित कर इस विश्वविद्यालयीय पहल को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

पंजीकरण, दिशा–निर्देशों एवं आयोजन से संबंधित नवीनतम जानकारी हेतु प्रतिभागी आधिकारिक वेबसाइट (https://csjmu-ibm.bobhacks26.com) का अवलोकन कर सकते हैं अथवा आयोजन समिति से सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रो०(राजेश कुमार द्विवेदी)
निदेशक, सी०डी०सी०

प्रतिलिपि:–

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ ।
2. निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
3. निदेशक, यू०आई०ई०टी०, छ.शा.जी.म.वि.कैंपस, कानपुर।
4. पी.एम.यू को इस आशय से प्रेषित कि इसे सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों की लॉगिन पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. गार्डफाइल।

प्रो०(राजेश कुमार द्विवेदी)
निदेशक, सी०डी०सी०